स्वास्थ्य मंत्रालय | शिक्षा मंत्रालय

Ontario

COVID-19 स्कूल और बाल देखभाल स्क्रीनिंग

संस्करण 5: मई 31, 2021

स्कूल या बाल देखभाल जाने से पहले छात्रों और बच्चों की रोज़ाना COVID-19 की जांच करनी चाहिए। बच्चे की ओर से माता-पिता/अभिभावक इसे भर सकते हैं।

दिनांक (mm-dd-yyyy) ______________

स्क्रीनिंग प्रश्न

1. **पिछले 14 दिनों में, क्या छात्र/बच्चे ने कनाडा से बाहर यात्रा की है?** ☐ हां ☐ नहीं
   अगर आपको संघीय क्वारंटाइन आवश्यकताओं से छूट प्राप्त है, तो "नहीं" चुनें।

2. **क्या किसी डॉक्टर, स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता, या जन स्वास्थ्य यूनिट ने आपको बताया है कि छात्र/बच्चे को वर्तमान में अलगाव में रहना (घर पर रहना) चाहिए?** ☐ हां ☐ नहीं
   यह प्रकोप या संपर्क ट्रेसिंग के कारण हो सकता है।

3. **पिछले 14 दिनों में, क्या छात्र/बच्चा किसी ऐसे व्यक्ति का "निकट संपर्क" रहा है, जिसे वर्तमान में COVID-19 है?** ☐ हां ☐ नहीं

4. **पिछले 14 दिनों में, क्या छात्र/बच्चे को उनके सेल फोन पर एक COVID अलर्ट संपर्क की सूचना मिली है?** ☐ हां ☐ नहीं
   यदि उन्होंने पहले से ही टेस्ट करवाया है और परिणाम नेगेटिव आया है, तो "नहीं" चुनें।

5. **क्या छात्र/बच्चा वर्तमान में इनमें से किसी भी लक्षण का अनुभव कर रहा है?**
   कोई भी/सभी चुनें जो नए हों, बिगड़ रहे हों, और अन्य ज्ञात कारणों या स्थितियों से संबंधित न हों जो उन्हें पहले से ही हो।

बुखार और/या ठंड लगना 37.8 डिग्री सेल्सियस तापमान/100 डिग्री फ़ारेनहाइट या उच्चतर	☐ हां	☐ नहीं
खांसी या ज़ोरदार खांसी (क्रुप) लगातार, सामान्य से अधिक, सांस लेते समय सीटी की आवाज करना (दमें से संबंधित नहीं, संक्रामक के बाद प्रतिक्रियाशील वायुमार्ग, या अन्य ज्ञात कारण या स्थितियां जो उन्हें पहले से ही हो)	☐ हां	☐ नहीं
सांस लेने में कठिनाई सांस लेने में कठिनाई, गहरी सांस लेने में असमर्थ (दमें या अन्य ज्ञात कारणों या स्थितियों से संबंधित नहीं जो उन्हें पहले से ही हो)	☐ हां	☐ नहीं
स्वाद या गंध में कमी मौसमी एलर्जी, तंत्रिका संबंधी विकार, या अन्य ज्ञात कारणों या स्थितियों से संबंधित नहीं है जो उन्हें पहले से ही हो	☐ हां	☐ नहीं
गले में खराश या निगलने में कठिनाई निगलने में कठिनाई (मौसमी एलर्जी, एसिड रिफ्लक्स, या अन्य ज्ञात कारणों या शर्तों से संबंधित नहीं जो उन्हें पहले से ही हो)	☐ हां	☐ नहीं
बहती या भरी हुई नाक मौसमी एलर्जी से संबंधित नहीं, ठंड के मौसम में बाहर रहना, या अन्य ज्ञात कारणों या स्थितियों से संबंधित नहीं है	☐ हां	☐ नहीं

सिरदर्द असामान्य, लंबे समय तक रहने वाला (तनाव वाला सिरदर्द, चिरकालिक माइग्रेन, या अन्य ज्ञात कारणों या स्थितियों से संबंधित नहीं है) **यदि छात्र/बच्चे ने पिछले 48 घंटों में COVID-19 वैक्सीनेशन प्राप्त की है और हल्का सिरदर्द महसूस कर रहा है जो केवल वैक्सीनेशन के बाद शुरू हुआ है, तो "नहीं" चुनें।**	☐ हां	☐ नहीं
मतली, उल्टी और/या दस्त संवेदनशील आंत की बीमारी, चिंता, मासिक धर्म ऐंठन, या अन्य ज्ञात कारणों या स्थितियों से संबंधित नहीं है जो उन्हें पहले से ही है	☐ हां	☐ नहीं
अत्यधिक थकान या मांसपेशियों में दर्द असामान्य, थकान, ऊर्जा की कमी, शिशुओं में खराब भोजन (अवसाद, अनिद्रा, थायरॉइड की शिथिलता, अचानक चोट, या अन्य ज्ञात कारणों या स्थितियों से संबंधित नहीं है जो उन्हें पहले से ही है) **यदि छात्र/बच्चे ने पिछले 48 घंटों में COVID-19 वैक्सीनेशन लगवाई है और वह हल्की थकान और/या मांसपेशियों /जोड़ों में हल्के दर्द का अनुभव कर रहा है जो केवल वैक्सीनेशन के बाद शुरू हुआ है, तो "नहीं" चुनें।**	☐ हां	☐ नहीं

6. **क्या कोई छात्र/बच्चा वर्तमान में किसी नए COVID-19 लक्षणों का अनुभव कर रहा है और/या लक्षणों का अनुभव करने के बाद टेस्ट के परिणाम की प्रतीक्षा कर रहा है?** यदि लक्षणों का अनुभव करने वाले व्यक्ति ने पिछले 48 घंटों में COVID-19 वैक्सीनेशन प्राप्त की है और हल्के सिरदर्द, थकान, मांसपेशियों में दर्द और/या जोड़ों के दर्द का अनुभव कर रहा है जो केवल वैक्सीनेशन के बाद शुरू हुआ है, तो "नहीं" चुनें।	☐ हां	☐ नहीं

स्क्रीनिंग प्रश्नों का परिणाम

! यदि आपने प्रश्न 1 या 3 का उत्तर "हां" में दिया है तो स्कूल या बाल देखभाल न जाएं।

- छात्र/बच्चे को 14 दिनों के लिए आत्म-अलगाव में रहना (घर में रहना) चाहिए और टेस्ट या चिकित्सा आपात स्थिति के अलावा बाहर नहीं जाना चाहिए।
- यदि आपने **प्रश्न 1 का उत्तर "हां"** दिया है, तो पब्लिक हेल्थ सलाह का पालन करें। आपके स्थानीय पब्लिक हेल्थ यूनिट द्वारा मंजूरी मिलने के बाद छात्र/बच्चे स्कूल/बाल देखभाल में वापस जा सकते हैं।
- यदि आपने **प्रश्न 3 का उत्तर "हां"**दिया है, तो सलाह या मूल्यांकन, जिसमें यह भी शामिल है कि क्या उन्हें COVID-19 टेस्ट की आवश्यकता है, के लिए डॉक्टर/स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता से बात करें। छात्र/बच्चा केवल 14 दिनों के बाद ही स्कूल/बाल देखभाल में वापस जा सकता है, भले ही उनका टेस्ट परिणाम नेगेटिव हो।
  - यदि आप टोरंटो या पील जैसे प्रांत के कुछ क्षेत्रों में रहते हैं, तो आपके भाई-बहन और घर के अन्य लोगों को 14 दिनों के लिए घर पर रहना चाहिए। यह स्थानीय जोखिम कारकों के कारण है।
  - यदि आप ऑंटैरियो के अन्य क्षेत्रों में रहते हैं, तो आपके भाई-बहन और आपके घर के अन्य लोग स्कूल,बाल देखभाल या काम पर जा सकते हैं, लेकिन अन्य गैर-जरूरी कारणों से घर से बाहर नहीं जाना चाहिए। अधिक जानकारी के लिए अपने स्कूल/बाल देखभाल से पूछें।
- यदि वे लक्षण विकसित करते हैं या टेस्ट पाज़िटिव आता है, तो अधिक सलाह के लिए अपने स्थानीय पब्लिक हेल्थ स्वास्थ्य यूनिट या डॉक्टर/स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता से संपर्क करें।
- इस परिणाम के बारे में बताने के लिए अपने स्कूल/बाल देखभाल प्रदाता से संपर्क करें।

! यदि आपने प्रश्न 2 का उत्तर "हां" में दिया है तो स्कूल या बाल देखभाल न जाएं।

- छात्र/बच्चे को स्वयं-अलगाव में रहना (घर में रहना) चाहिए और चिकित्सा आपात स्थिति के अलावा बाहर नहीं जाना चाहिए।
- पब्लिक हेल्थ सलाह का पालन करें। आपके स्थानीय पब्लिक हेल्थ यूनिट द्वारा मंजूरी मिलने के बाद छात्र/बच्चे स्कूल/बाल देखभाल में वापस जा सकते हैं।
- यदि वे लक्षण विकसित करते हैं, तो अधिक सलाह के लिए अपनी स्थानीय पब्लिक हेल्थ यूनिट या डॉक्टर/स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता से संपर्क करें।
- यदि आप टोरंटो या पील जैसे प्रांत के कुछ क्षेत्रों में रहते हैं, तो आपके भाई-बहन और आपके घर के अन्य लोगों को घर पर ही रहना चाहिए। यह स्थानीय जोखिम कारकों के कारण होता है।

- यदि आप ओंटैरियो के अन्य क्षेत्रों में रहते हैं, तो आपके भाई-बहन और आपके घर के अन्य लोग स्कूल,बाल देखभाल या काम पर जा सकते हैं, लेकिन अन्य गैर-जरूरी कारणों से घर से बाहर नहीं जाना चाहिए। अधिक जानकारी के लिए अपने स्कूल/बाल देखभाल से पूछें।
- इस परिणाम के बारे में बताने के लिए अपने स्कूल/बाल देखभाल प्रदाता से संपर्क करें।

यदि आपने प्रश्न 4 का उत्तर "हां" में दिया है तो स्कूल या बाल देखभाल न जाएं।

- छात्र/बच्चे को स्वयं-अलगाव में रहना (घर में रहना) चाहिए और चिकित्सा आपात स्थिति के अलावा बाहर नहीं जाना चाहिए।
- उनका COVID-19 टेस्ट करवाने के लिए एक मूल्यांकन केंद्र पर जाएं।
    - यदि उनका टेस्ट नेगेटिव आता है (उनमें वायरस नहीं है), तो वे स्कूल/बाल देखभाल वापस जा सकते हैं।
    - यदि उनका टेस्ट पाज़िटिव आता है (उनमें वायरस है), तो वे आपके स्थानीय पब्लिक हेल्थ यूनिट द्वारा मंजूरी मिलने के बाद ही वापस जा सकते हैं।
- यदि वे लक्षण विकसित करते हैं, तो अधिक सलाह के लिए अपनी स्थानीय पब्लिक हेल्थ यूनिट या डॉक्टर/स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता से संपर्क करें।
- जब तक कि जिस व्यक्ति को COVID अलर्ट मिला है, उनका टेस्ट नेगेटिव न आ जाए, या आपके स्थानीय पब्लिक हेल्थ यूनिट द्वारा मंजूरी नहीं दी जाती, आपके भाई-बहन या आपके घर के अन्य लोग स्कूल, बाल देखभाल या काम पर जा सकते हैं, लेकिन अन्य गैर-जरूरी कारणों से घर से बाहर नहीं जाना चाहिए।
- इस परिणाम के बारे में बताने के लिए अपने स्कूल/बाल देखभाल प्रदाता से संपर्क करें।

यदि आपने प्रश्न 5 या प्रश्न 6 में शामिल लक्षणों में से किसी के लिए "हाँ" का उत्तर दिया है, तो स्कूल या बाल देखभाल न जाएँ।

- छात्र/बच्चे को एकांत में रहना (घर में रहना) चाहिए और चिकित्सा आपात स्थिति के अलावा बाहर नहीं जाना चाहिए।
- यदि आपने **प्रश्न 5 का उत्तर "हां"**दिया है, तो सलाह या मूल्यांकन, जिसमें यह भी शामिल है कि क्या उन्हें COVID-19 टेस्ट की आवश्यकता है, के लिए डॉक्टर/स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता से बात करें।
- यदि आपने **प्रश्न 6 का उत्तर "हां"**दिया है, तो व्यक्ति का COVID-19 टेस्ट परिणाम नेगटिव आने के बाद, या आपके स्थानीय पब्लिक हेल्थ यूनिट द्वारा मंजूरी मिलने पर या वे किसी अन्य बीमारी के साथ निदान किए गए हैं, तो छात्र/बच्चा स्कूल या बाल देखभाल वापस जा सकता है।
- आपके भाई-बहन या आपके घर के अन्य लोगों को तब तक घर पर रहना चाहिए जब तक कि छात्र/बच्चे में लक्षण दिखाई देते हैं या व्यक्ति का टेस्ट नेगेटिव न आ जाए, या आपके पब्लिक हेल्थ यूनिट द्वारा मंजूरी न मिल जाए, या किसी अन्य बीमारी के साथ निदान हो।
- इस परिणाम के बारे में बताने के लिए अपने स्कूल/बाल देखभाल प्रदाता से संपर्क करें।

यदि आपने सभी प्रश्नों का उत्तर "नहीं" में दिया है, तो आपका बच्चा स्कूल/बाल देखभाल जा सकता है क्योंकि वे स्वस्थ प्रतीत होते हैं और COVID-19 के संपर्क में नहीं आए हैं। स्टाफ को इस परिणाम के बारे में बताने के लिए (यदि लागू हो), अपने स्कूल/बाल देखभाल प्रदाता की स्थापित प्रक्रिया का पालन करें।

यदि छात्र/बच्चे ने पिछले 48 घंटों में COVID-19 वैक्सीनेशन प्राप्त की है और हल्का सिरदर्द, थकान, मांसपेशियों में दर्द और/या जोड़ों में दर्द है जो केवल वैक्सीनेशन के बाद शुरू हुआ है, और कोई अन्य लक्षण नहीं हैं, तो उन्हें स्कूल/बाल देखभाल में पूरा समय ठीक से फिट हुआ मास्क पहनना चाहिए। उनका मास्क केवल खाने या पीने के लिए हटाया जा सकता है और जब उनका मास्क उतरा हुआ हो तो उन्हें दूसरों से कम से कम दो मीटर दूर रहना चाहिए। यदि 48 घंटों के बाद भी लक्षण बिगड़ते हैं, या यदि उनमें अन्य लक्षण दिखाई देते हैं, तो उन्हें तुरंत स्कूल/बाल देखभाल से चले जाना चाहिए और स्वयं-अलगाव में रहना चाहिए और COVID-19 टेस्ट करवाना चाहिए।

पब्लिक हेल्थ ओंटैरियो - संपर्क ट्रेसिंग

इन सवालों का जवाब देना वैकल्पिक है। इस जानकारी का उपयोग केवल पब्लिक हेल्थ अधिकारी संपर्क ट्रेसिंग के लिए करेंगे। 28 दिनों में सभी जानकारी हटा दी जाएगी।

दिनांक: ____________________

नाम: ____________________

फोन या ईमेल: ____________________